**Need to set up regulatory authority for online news channel portals.-laid**

श्री दिलीप शइकीया **(दारंग-उदालगुड़ी) :** प्रेस, मीडिया हमारे गणतंत्र का चौथा स्तम्भ है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश और दुनिया की विभिन्न ख़बरों को देश के नागरिकों तक विश्वसनीयता के साथ पहुँचाना है, लेकिन आज के डिजिटल युग में बहुत से स्थानीय ऑनलाइन पोर्टल न्यूज़ चैनलों की बाढ़ सी आ गई है । इनमें से बहुत सारे न्यूज़ पोर्टल चैनलों के द्वारा लोगों को झूठी और बिना विश्वसनीयता की ख़बरों को पहुँचाया जा रहा है ।असम समेत देश के लगभग सभी राज्यों में इस तरह के बहुत सारे स्थानीय ऑनलाइन पोर्टल न्यूज़ चैनलों को एक व्यवसाय के रूप में भी चलाया जा रहा है और इन चैनलों के संवाददाताओं द्वारा पत्रकारिता की सभी सीमाओं को लांघकर लोगों तक गलत और तथ्यहीन ख़बरों को पहुँचाया जा रहा है । साथ ही कुछ ऐसी झूठी ख़बरों को फैला कर ब्लैकमैलिंग के भी काफी सारे उदहारण सामने आये हैं । कई बार ऐसी ख़बरों से देश की छवि और सुरक्षा को भी गहरा खतरा पैदा हो जाता है । कुछ मामलों में तो इनके द्वारा बनाये गए फेक नैरेटिव और झूठी ख़बरों से पीड़ित व्यक्ति आत्महत्या तक करने को मजबूर हुए हैं । अत: मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि ऐसे स्थानीय ऑनलाइन पोर्टल न्यूज़ चैनलों पर अंकुश लगाने हेतु एक रेगुलेशन अथॉरिटी की स्थापना की जाए ।